CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 27 ▫ अंक- 292 ▫ रायपुर, शनिवार 16 नवम्बर 2024 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## पुलिस-नक्सलियों के बीच मुठभेड़, 5 नक्सलियों के शव बरामद, बड़े तादाद पर हथियार भी मिले

**कांकेर,** 16 नवम्बर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले से बड़ी खबर सामने आई है, यहां सुरक्षाबलों के जवान और नक्सलियों की मुठभेड़ हो रही है। पुलिस और नक्सलियों की मुठभेड़ कांकेर और नारायणपुर जिले की सीमा पर स्थित माड़ जंगल में हो रही है। सुबह से इस इलाके में मुठभेड़ और दोनों तरफ से गोलीबारी हो रही है। पुलिस अधीक्षक आईके एलिसेला ने बताया कि जवानों और नक्सलियों के बीच रुक-रुककर गोलीबारी हो रही है।



मुठभेड़ में 5 नक्सलियों के शव बरामद हुए हैं, इसके साथ मौके से 1 ऑटो मेटिक हथियार समेत कई और हथियार भी मिले हैं। इस मुठभेड़ में दो जवान घायल हो गए है। घायलो को एयरलिफ्ट के जरिए रायपुर रेफर किया गया है। छत्तीसगढ़ के बस्तर में नक्सलियों के खिलाफ पुलिस आक्रामक मोड में है. कांकेर और नारायपुर जिले की सीमा पर पुलिस और नक्सलियों के बीच भारी मुठभेड़ चल रही है. अबूझमाड़ के जंगल में ये मुठभेड़ चल रही है. इसमें पांच नक्सलियों के मारे जाने की खबर है. बताया जा रहा है कि पुलिस ने यहां से भारी मात्रा में सामान भी बरामद किए हैं. कांकेर के पुलिस अधीक्षक आई के एलिसेला ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि माड़ इलाके में एनकांउटर चल रहा है, कोर इलाका होने के कारण जवानों से संपर्क नहीं हो पा रहा है. जवानों के संपर्क होने के बाद ही जानकारी मिलेगी.

## ट्रक से 8476 किलो चांदी बरामद



**नई दिल्ली,** 16 नवम्बर (न्यूज चैनल)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस और जांच एजेंसियां राज्य में होने वाली हर गतिविधि पर नजर बनाए हुए हैं। इसी दौरान, मुंबई में पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ट्रक से 8,476 किलो चांदी बरामद की है, जिसकी कीमत लगभग 80 करोड़ रुपए बताई जा रही है। चुनावी समय में इस तरह की अवैध संपत्ति की तस्करी को लेकर अधिकारियों ने सतर्कता बढ़ा दी है।

घटना शुक्रवार रात की है, जब मानखुर्द पुलिस वाशी चेक नाके पर वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध टेंपो को रोका गया। पुलिस ने वाहन की तलाशी ली, तो उसमें बड़ी मात्रा में चांदी मिली। इस चांदी का कुल वजन 8,476 किलो था, और अनुमानित कीमत 80 करोड़ रुपए के करीब है। पुलिस ने तुरंत ड्राइवर से पूछताछ की और उसे हिरासत में ले लिया। मामले की सूचना आयकर विभाग और चुनाव आयोग को दी गई। प्रारंभिक जांच के बाद पुलिस का मानना है कि यह चांदी अवैध तरीके से लायी जा रही थी और इसका चुनावी माहौल में इस्तेमाल हो सकता था। आयकर विभाग के अधिकारी अब चांदी के मालिक का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं और यह जांच कर रहे हैं कि क्या इस चांदी के पास कोई वैध दस्तावेज हैं। यदि दस्तावेज नहीं मिले, तो पुलिस इसे जब्त कर लेगी। इस मामले के सामने आने के बाद इलाके में इस तरह की गतिविधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग जोर पकड़ रही है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि इस प्रकार की अवैध संपत्ति की तस्करी पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**कीमत 80 करोड़ रुपए**

**महाराष्ट्र में वोटिंग से पहले बड़ी कार्रवाई**

## ब्रेकिंग न्यूज

### 10 नवजात जिंदा जले, आग बुझाने का यंत्र एक्सपायर था, 39 बच्चों को खिड़की तोड़कर निकाला गया

**नई दिल्ली,** 16 नवम्बर (न्यूज चैनल)। यूपी के झांसी में कल यानि शुक्रवार की रात महारानी लक्ष्मीबाई सरकारी मेडिकल कॉलेज में स्पेशल न्यू बोर्न केयर यूनिट में भयानक आग लग गई। आग की चपेट ने अपने आगोश में 10 बच्चों को ले लिया। वहीं कड़ी मशक्कत करने के बाद खिड़की तोड़कर 39 बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। आपको बता दें कि यह घटना शुक्रवार की रात 10 बजे हुई थी। ऑक्सीजन कंसंट्रेटर में स्पार्किंग के चलते आग लगी, फिर धमाका हो गया। आग इतनी भयानक थी कि पूरे वार्ड में फैल गई। वार्ड ब्वॉय ने आग बुझाने के लिए अग्निशमन यंत्र (फायर एक्सटि्वंगशर) चलाया। मगर वह 4 साल पहले ही एक्सपायर हो चुका था, इसलिए काम नहीं किया। उधर, घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की 6 गाड़ियां पहुंचीं। खिड़की तोड़कर पानी की बौछारें मारीं। सूचना पर छ्रू-स्क्र भी पहुंच गए। भीषण आग को देखते हुए सेना को बुलाया गया। करीब 2 घंटे में आग पर काबू पाया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर गहन दुख जताते हुए दिवंगत आत्माओं की सद्गति के लिए प्रार्थना की है और अधिकारी को युद्धस्तर पर राहत एवं बचाव कार्य चलाने के आदेश दिये हैं। उन्होंने टवीट कर लिखा " जनपद झांसी स्थित मेडिकल कॉलेज के एनआईसीयू में घटित एक दुर्घटना में हुई बच्चों की मृत्यु अत्यंत दुखद एवं हृदयविदारक है। जिला प्रशासन तथा संबंधित अधिकारियों को युद्धस्तर पर राहत एवं बचाव कार्यों को संचालित कराने के निर्देश दिये हैं।

प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से एक्स पोस्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, दिल दहला देने वाली घटना! उत्तर प्रदेश के झांसी मेडिकल कॉलेज में आग लगने की घटना दिल दहला देने वाली है।




**चूहा- सुनती हो, पीएम मोदी के विमान में कल तकनीकी खराबी आ गई।**
**चुहिया- हां जी, भला हुआ अभी तक कोई सस्पेंड नहीं हुआ है।**

## गुजरात में लगे भूकंप के झटके, राजस्थान तक कांपी धरती

**नई दिल्ली,** 16 नवम्बर (न्यूज चैनल)। गुजरात के मेहसाणा जिले में शुक्रवार रात 4.2 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप के झटके रात 10ः15 बजे महसूस किए गए, और इसका केंद्र पाटन से 13 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में था। भूकंप की हलचल महसूस होते ही लोग अपने घरों से बाहर निकल आए, लेकिन अधिकारियों के अनुसार किसी प्रकार के जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने बताया कि भूकंप का केंद्र मेहसाणा क्षेत्र में था, जिसकी गहराई 10 किलोमीटर थी। यह स्थान गुजरात के राजकोट से लगभग 219 किमी उत्तर-पूर्व में और पाटन से 13 किमी दक्षिण-दक्षिण-पश्चिम में स्थित था। भूकंप के झटके बनासकांठा, पाटन, साबरकांठा और मेहसाणा के उत्तरी जिलों तक महसूस किए गए, और ये 2 से 3 सेकंड तक रहे। गुजरात राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (जीएसडीएमए) के आंकड़ों के अनुसार, राज्य में पिछले 200 वर्षों में नौ बड़े भूकंप हो चुके हैं, जिनमें 26 जनवरी, 2001 को कच्छ में आए विनाशकारी भूकंप का भी समावेश है, जिसमें हजारों लोग मारे गए थे।

## कार ने ऑटो को मारी टक्कर दूल्हा-दुल्हन समेत 7 की मौत

**नई दिल्ली,** 16 नवम्बर (न्यूज चैनल)। उत्तर प्रदेश के बिजनौर में एक भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां पर हरिद्वार-काशीपुर नेशनल हाईवे पर स्थित फायर स्टेशन के पास घने कोहरे के कारण कार ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में दूल्हा-दुल्हन समेत सात लोगों की मौत हो गई है, जबकि दो लोग बुरी तरह से घायल हो गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में ले लिया। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। वहीं, सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस हादसे पर दुख जताया है।



**बिजनौर में हुआ हादसा**

यह हादसा जिले के थाना धामपुर के हरिद्वार-काशीपुर नेशनल हाईवे पर स्थित फायर स्टेशन के पास शुक्रवार देर रात करीब 2ः00 बजे हुआ। यहां पर घने कोहरे के कारण कार ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में सात लोगों की मौत हो गई, इनमें दूल्हा और दुल्हन शामिल हैं। मृतक धामपुर के गांव तीबड़ी के रहने वाले हैं। हादसे में चार पुरुष, दो महिलाएं और एक लड़की की मौत हुई है। बताया जा रहा है कि मरने वालों में दूल्हा-दुल्हन के साथ दूल्हे की मौसी, दूल्हे का भाई, ऑटो ड्राइवर समेत सात लोग शामिल हैं। हादसे का शिकार हुआ परिवार बिहार से निकाह करके मुरादाबाद आया था। वहां से घर आने के लिए ऑटो बुक किया था।

हादसे की जानकारी होने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। वहीं, घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। इस हादसे खुर्शीद (65) पुत्र सद्दीक, दूल्हा विशाल(25) पुत्र खुर्शीद, दुल्हन खुशी (22), हल्दौर थाना इलाके के गांव खारी निवासी मृतक खुर्शीद के साढ़ू मुमताज(32), साली रूबी (28) पत्नी मुमताज, बुशरा(11) पुत्री मुमताज, जिला मुरादाबाद के कांठ थाना इलाके के गांव कासमपुर निवासी ऑटो चालक अजब सिंह (45) पुत्र धर्मपाल सिंह शामिल हैं। इन सभी की सड़क हादसे में मौत हुई है। बताया गया कि सड़क दुर्घटना में आरोपी कार चालक शेरकोट के कोटरा मोहल्ला निवासी अमन पुत्र इमरान, सुहेल पुत्र हबीब अली घायल हुए हैं। दोनों घायलों का नगर के एक निजी अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है।

## भिलाई में सुबह-सुबह मर्डर, हंसी-मजाक में युवकों ने दोस्त को ही मारा डाला



**दुर्ग,** 16 नवम्बर (हाईवे चैनल)। भिलाई में शनिवार सुबह एक युवक ने नाबालिग के साथ मिलकर अपने दोस्त की हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि चाय पीने के दौरान हंसी-मजाक को लेकर चाकू से मारा गया है। वारदात के बाद आरोपी मौके से भाग निकले। मामला रामनगर कब्रिस्तान के पास छठ तालाब का है। वारदात को अंजाम देने के बाद भाग रहे दो आरोपियों को छावनी पुलिस ने पावर हाउस रेलवे स्टेशन से पकड़ लिया।

मिली जानकारी के मुताबिक जामुल क्षेत्र के रहने वाले रोहित सिंह (24) की हत्या की गई है। वारदात के बाद आरोपी मौके से भाग निकले। चाय दुकान के आपपास मौजूद लोगों ने मामले की जानकारी तत्काल पुलिस को दी। घटना स्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। लाश को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

## पूर्व मंत्री कृष्णमूर्ति बांधी की कार को ट्रक ने मारी टक्कर, हादसे में बाल-बाल बचे

**बिलासपुर,** 16 नवम्बर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री कृष्णमूर्ती बांधी के साथ आज एक बड़ा हादसा होते-होते टला. मस्तूरी के जोंधरा चौक के पास पूर्व मंत्री कृष्णमूर्ति बांधी की कार को एक तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी. इस घटना में उनकी कार क्षतिग्रस्त हो गई. हालांकि राहत की बात यह रही कि पूर्व मंत्री पूरी तरह सुरक्षित हैं.घटना के बाद ड्राइवर की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.



## देव दीपावली पर 21 लाख दीपों से रोशन हुई काशी

**नई दिल्ली,** 16 नवम्बर (न्यूज चैनल)। दीपावली पर काशी 21 लाख दीपों से रोशन हुई। उत्तरवाहिनी गंगा के तट पर श्रृंखलाबद्ध दीपों ने अद्वितीय अलौकिक दृश्य प्रस्तुत किया। देव दीपावली का पहला दीप नमो घाट पर उपराष्टपति जगदीप धनखड़, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रज्वलित किया। इस दौरान नमो घाट पर भव्य आतिशबाजी भी हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र में गंगा के तट पर समारोह के दौरान, उपराष्टपति धनखड़ और मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले कलाकारों से बातचीत की ।

## कैरोलिन लेविट 27 साल की उम्र में बनने जा रही है व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव

**नई दिल्ली,** 16 नवम्बर (न्यूज चैनल)। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को घोषणा की कि उनके अभियान की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव होंगी। 27 वर्षीय लेविट इस पद को संभालने वाली सबसे कम उम्र की व्यक्ति बन जाएंगी, उन्होंने रोनाल्ड ज़िग्लर को पीछे छोड़ दिया, जो 1969 में राष्टपति रिचर्ड निक्सन के अधीन काम करते समय 29 वर्ष के थे। वर्तमान में, ट्रंप की संक्रमण टीम की प्रवक्ता, लेविट ने मीडिया में ट्रंप का मज़बूत बचाव करने के लिए पहचान हासिल की है।



■ **राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने की घोषणा**

अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप ने कैरोलिन लेविट को 'व्हाइट हाउस' (अमेरिका के राष्टपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) की प्रेस सचिव नामित किया है। लेविट 'व्हाइट हाउस' की वर्तमान प्रेस सचिव कैरीन पियरे का स्थान लेंगी। ट्रंप 20 जनवरी 2025 को अमेरिका के 47वें राष्टपति के रूप में शपथ लेंगे। लेविट, ट्रंप के चुनाव प्रचार अभियान में राष्टीय प्रेस सचिव थीं और इससे पहले वह 'ट्रंप व्हाइट हाउस' में सहायक प्रेस सचिव के रूप में सेवाएं दे चुकी हैं। ट्रंप ने लेविट के नाम का अनुमोदन करते हुए कहा, "लेविट ने मेरे ऐतिहासिक प्रचार अभियान में राष्टीय प्रेस सचिव के रूप में अभूतपूर्व काम किया और मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि वह व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव के रूप में काम करेंगी।"

नवनिर्वाचित राष्टपति ट्रंप ने कहा, " कैरोलिन बुद्धिमान, दृढ़ निश्चयी हैं तथा उन्होंने साबित कर दिया है कि वह एक अत्यंत प्रभावी वक्ता हैं।" ट्रंप ने कहा, " मुझे पूरा विश्वास है कि वह अमेरिकी लोगों तक हमारा संदेश पहुंचाने में मदद करेंगी...।" लेविट के अतिरिक्त ट्रंप ने स्टीवन चेउंग को राष्टपति के सहायक और संचार निदेशक तथा सर्जियो गोर को राष्टपति के सहायक और राष्टपति कार्मिक कार्यालय के निदेशक के रूप में नामित किया है। ट्रंप ने कहा, " स्टीवन चेउंग और सर्जियो गोर 2016 में राष्टपति पद के चुनाव के प्रचार अभियान के समय से ही मेरे विश्वसनीय सलाहकार रहे हैं और मेरे पहले कार्यकाल से

## छग हाईकोर्ट ने साल 2025 का जारी किया कैलेंडर

**बिलासपुर,** 16 नवम्बर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने साल 2025 का कैलेंडर जारी कर दिया है. इसमें देश-प्रदेश में मनाए जाने वाले तीज-त्योहारों के लिए 26 दिनों की छुट्टियों के अलावा 26 दिनों का ग्रीष्मकालीन और 10 दिनों का शीतकालीन अवकाश शामिल है. इसके अलावा रविवार और महीने के दूसरे और तीसरे शनिवार को उच्च न्यायालय और रजिस्ट्री बंद रहेंगे. इसे



**साल की 26 छुट्टियों के अलावा 26 दिनों का ग्रीष्मावकाश तो 10 दिनों का रहेगा शीतकालीन अवकाश**

2025 कैलेंडर के अनुसार, ग्रीष्मावकाश के कारण छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट 12 मई 2025 से 6 जून 2025 तक बंद रहेगा, लेकिन इस दौरान रजिस्ट्री खुली रहेगी. इसी तरह शीतकालीन अवकाश के कारण हाई कोर्ट 22 दिसंबर 2025 से 31 दिसंबर 2025 तक बंद रहेगा, लेकिन रजिस्ट्री शीतकालीन अवकाश के दौरान 22 से 24 दिसंबर 2025 तक खुली रहेगी और 26 से 31 दिसंबर तक बंद रहेगी. मिलाद-उन-नबी, ईद-उल-फितर, ईद-उल-जुहा और मुहर्रम के कारण घोषित अवकाश चंद्रमा की दृश्यता के आधार पर परिवर्तन के अधीन हैं. यदि राज्य सरकार टीवी/आकाशवाणी/समाचार पत्र के माध्यम से इन तिथियों में कोई परिवर्तन घोषित करती है, तो उसका पालन किया जाएगा और उस दिन भी माननीय मुख्य न्यायाधीश की स्वीकृति से अवकाश के रूप में मनाया जाएगा. इसके अलावा उच्च न्यायालय स्थापना के अधिकारी एवं कर्मचारी राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2025 के लिए निर्धारित वैकल्पिक अवकाशों की सूची में से वर्ष में तीन वैकल्पिक अवकाश लेने के हकदार होंगे. हाई कोर्ट राज्य सरकार द्वारा अचानक निर्धारित अवकाश को स्थायी समिति के अनुमोदन से मनाएगा.

CMYK